Punjab Files
ਪੰਜਾਬੀ ਸਨਾਤਨੀ ਦੀ ਆਵਾਜ਼

YEAR 1995

16-1-95 उग्रवादी मारे गए...

(पृष्ठ 3 का शेष)

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस को मुठभेड़ स्थल से तीन मैगजीनों समेत तीन माउजर्स मिले। अन्य हथियार एक बैग में रखे हुए थे।

एक प्रश्न के उत्तर में श्री खटड़ा ने कहा कि बरामद हथियार या तो जम्मू से लाए जा रहे थे और या बटाला से ले जाए जा रहे थे।

श्री खटड़ा ने बताया कि इस आशय की सूचना के बाद कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आई. एस. आई. के निर्देश पर आतंकवादी अपनी गतिविधियां फिर से शुरू कर सकते हैं, सामान्य अलर्ट जारी किया गया था। ऐसी आशंका है कि आतंकवादियों ने हिलजुल और एक स्थान से दूसरे स्थान पर आना-जाना शुरू कर दिया है।

इस क्षेत्र में लगभग पौने दो साल के बाद ऐसी मुठभेड़ हुई है। पिछली बार अप्रैल, 1993 में हुई मुठभेड़ में जमा चाननके मारा गया था।

श्री खटड़ा ने बताया कि जनरल अलर्ट मुख्यमंत्री बेअंत सिंह और पंजाब पुलिस के महानिदेशक के. पी. एस. गिल द्वारा चंडीगढ़ में बुलाई गई बैठक के बाद जारी किया गया था। आई. एस. आई. की नई कोशिशों संबंधी सूचनाएं मिलने के बाद स्थिति की समीक्षा करने के लिए यह बैठक बुलाई गई थी। अलर्ट के बाद जहां वरिष्ठ अधिकारियों को विशेष कार्य सौंपे गए, वहीं सुरक्षा बलों की नई तैनाती, नाकों की पुनर्स्थापना और गश्त बढ़ाने जैसे उपाय किए गए।

'आपरेशन सतर्कता' का विवरण देते हुए श्री खटड़ा ने कहा कि सूर्यास्त के बाद विशेष नाके लगाए जाते हैं और आधी रात से बाद तक नाकों पर जवान तैनात रहते हैं। इसके बाद तड़के अन्य टुकड़ियां अपने थानों या चौकियों से निकल कर अपने थानाध्यक्ष या चौकी इंचार्ज के निर्देशानुसार 'नाके' लगा देती हैं। ये नाके लगवाने के अलावा थानाध्यक्ष और अन्य वरिष्ठ अधिकारी विभिन्न नाकों का दौरा भी करते हैं। इससे नाके पर तैनात जवान भी चुस्त-मुस्तैद रहते हैं और क्षेत्र में गश्त भी होती रहती है।

मार्च अंत तक का अल्टीमेटम : एक सूचना के अनुसार आई. एस. आई. ने पंजाब के आतंकवादियों को पुनः सक्रिय होने के लिए मार्च के अंत तक का समय दिया है और उनसे कहा गया है कि अगर उन्होंने कोई नतीजे न दिखाए तो वह उनके लिए हथियार खरीदने के लिए भारी धन राशि खर्च करना बंद कर देगी।

आप्रेशन सतर्कता' को पहली सफलता : दो आतंकवादी मुठभेड़ में मार गिराए

अमृतसर, 15 जनवरी (वार्ता, प.स.) : मजीठा पुलिस जिला के बाबा बकाला क्षेत्र में आज तड़के सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो अज्ञात आतंकवादी मारे गए और बड़ी संख्या में हथियार तथा गोलीबारूद बरामद हुआ।

पंजाब में आतंकवाद का नया दौर शुरू करने का आई. एस. आई. का षड्यंत्र : पाकिस्तान में बैठे उग्रवादियों पर 'कुछ करने' के लिए दबाव : घुसपैठ की सूचनाएं : अलर्ट जारी

इस प्रकार पंजाब में आतंकवादियों को पुनर्गठित होने से रोकने के लिए शुरू किए गए 'आपरेशन सतर्कता' को पहली बड़ी सफलता मिली।

(ऊपर) बाबा बकाला के निकट पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे गए अज्ञात आतंकवादी, (नीचे बाएं) आतंकवादियों द्वारा प्रयुक्त वैन और (नीचे दाएं) उनसे बरामद हथियार व गोली-बारूद। (छाया : फौजी)

मजीठा के जिला पुलिस अधीक्षक आर. एस. खटड़ा ने यहां पत्रकारों को बताया कि मृत आतंकवादियों में से एक कश्मीरी उग्रवादी लगता है जबकि दूसरे की जेब से सुखदेव सिंह के नाम पर होशियारपुर से जारी ड्राइविंग लाइसैंस मिला है। उन्होंने कहा कि यह लाइसैंस झूठा भी हो सकता है।

श्री खटड़ा ने कहा कि दोनों आतंकवादी जिस बिना नम्बर की मारुति कार में सवार थे उसमें से दो ए. के. 47 राइफलें तथा पांच मैगजीन, चार माउजर्स तथा छह मैगजीन, एक रिवाल्वर और बड़ी मात्रा में गोली बारूद और कुछ नकदी भी बरामद हुई।

श्री खटड़ा ने बताया कि एक सब-इंस्पैक्टर के नेतृत्व में पुलिस दल ने सब से पहले बटाला से आ रही मारुति कार को मेहता चौक में रुकने का संकेत दिया लेकिन कार नहीं रुकी और तेजी से निकल गई। इसके बाद दल ने वायरलैस पर ब्यास पुलिस स्टेशन को संदेश भेजा। इस स्टेशन की गश्ती टुकड़ी ने गम्मार भाना और साठियाला के बीच एक नाले के पास नाका लगाया। इस दल ने भी मारुति को रोकने का प्रयास किया लेकिन उग्रवादियों ने नाके पर तैनात सुरक्षा कर्मियों पर गोलियां चलाईं। जिप्सी की आड लेकर बैठे 3 सुरक्षा कर्मियों ने भी गोलियां दागीं। सड़क से फिसल कर पुलिस जिप्सी को टक्कर मारती हुई यह वैन सड़क के किनारे जाकर रुक गई।

तलाशी के दौरान पुलिस को कार से दो शव, हथियार और गोलीबारूद मिले।

(शेष पृष्ठ 14 पर)

हिमाचल के जनजातीय क्षेत्रों में बर्फीला तूफान, कई जगह जल-बिजली आपूर्ति व दूरसंचार सेवाओं में व्यवधान

शिमला, 15 जनवरी (वा., प.स.): हिमाचल प्रदेश के समूचे जनजातीय क्षेत्र में बर्फीला तूफान आने तथा ऊंचे पर्वतीय क्षेत्रों में भारी हिमपात और निचले क्षेत्रों में वर्षा होने से समूचे क्षेत्र में शीत लहर का प्रकोप और बढ़ गया है। प्रदेश के कई भागों में सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है तथा कई स्थानों पर जल एवं बिजली आपूर्ति तथा दूरसंचार सेवाओं में व्यवधान पड़ा।

ढली से आगे भारी हिमपात होने के कारण हिन्दुस्तान-तिब्बत मार्ग पुनः यातायात के लिए बंद हो गया है। शिमला और इसके आसपास के क्षेत्रों में भी हिमपात हुआ। कुफरी, फागू, नालदेहरा और नारकंडा सहित शिमला जिले के ऊपरी क्षेत्रों में भारी हिमपात हुआ। जाखू, कुफरी और फागू में 30 से 50 सैं.मी. तक हिमपात होने की सूचना मिली है। शिमला जिले के आंतरिक क्षेत्रों में हिमपात के कारण सड़कें बंद हो गई हैं। खड़ा-पत्थर, डोडरा-क्वार, सराहन, चौपाल, रोहतांग दर्रे, लाहौल-स्पीति, विशाल धौलाधार शृंखला, चूड़धार, किन्नौर से भारी हिमपात की सूचनाएं मिली हैं तथा लगभग सभी जनजातीय क्षेत्र प्रदेश के शेष भागों से कट गए हैं।

चम्बा से 'रैणा' के अनुसार बनीखेत, तीसा, भरमौर, डल्हौजी तथा पांगी घाटी में भारी हिमपात हुआ। डल्हौजी में हिमपात जारी है तथा चम्बा नगर में भी हिमपात हुआ। हिमपात के कारण जिले के अधिकांश क्षेत्रों का शेष प्रदेश से सम्पर्क कट गया है। धर्मशाला से 'बेद' के अनुसार धर्मशाला से संलग्न ऊंचे क्षेत्रों में हिमपात हुआ। विशाल धौलाधार भारी हिमपात के कारण 'रजत-धवल' नजर आ रही है तथा समूची कांगड़ा घाटी में शीत लहर तेज हो गई है। मनाली, कसौली, बड़ोग और चायल से भी हिमपात की सूचनाएं मिली हैं।

हिमाचल प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों में तापमान -15 डिग्री सै. से -35 डिग्री सै. के बीच बताया जाता है। इन क्षेत्रों में पानी के सभी प्राकृतिक स्रोत जम चुके

(शेष पृष्ठ 14 पर)

Punjabi Sanatani

17-1 **40 से अधिक हत्याओं...** 95
(पृष्ठ 3 का शेष)

आतंकवादियों को आदेश मिला है कि ऐसे क्षेत्रों, जहां आतंकवादी पुलिस ने मार गिराए हैं। उनके परिवारों के साथ मिल-जुल कर पंजाब में आतंकवादी वारदातें पुनः शुरू करें। यह स्वीकारोक्ति पकड़े गए आतंकवादी ने भी पुलिस के समक्ष की है। श्री शर्मा ने आगे बताया कि पकड़े गए आतंकवादी ने पुलिस के समक्ष यह भी स्वीकार किया है कि उन्हें वित्तीय सहायता अंतर्राष्ट्रीय सिख यूथ फैडरेशन के लखमीर सिंह रोडे जो पाकिस्तान के शहर लाहौर में बैठा है, अपनी तमाम गतिविधियों का संचालन कर रहा है, से प्राप्त होती है व बड़े आतंकवादियों पर पाकिस्तान का दबाव पड़ रहा है कि आतंकवादी अभियान पंजाब में पुनः शुरू किया जाए।

श्री शर्मा ने कहा कि आतंकवादियों के पुनः एक बार सिर उठाने पर पुलिस मशीनरी को भी काम पर लगा दिया गया है। पुलिस की तरफ से किए जा रहे आप्रेशन में विशेष तेजी लाई गई है। आतंकवादियों से निपटने के लिए पुलिस मशीनरी को चुस्त व गतिविधियों को सरगर्म कर दिया गया है।

कार्बाइन सहित काबू : जगरांव (भंडारी): आज तड़के सदर थाना पुलिस के एस.एच.ओ. सकत्तर सिंह ने गांव भमीपुरा के निकट नाके के दौरान कुंदन सिंह नामक व्यक्ति को गिरफ्तार करके उससे एक कार्बाइन, 22 कारतूस, एक मैगजीन बरामद की।

भूमिगत हथियार बाहर निकलने लगे : अमृतसर (दीपक शर्मा): पंजाब में आतंकवाद का नया दौर शुरू करने के लिए आतंकवादी भूमिगत किए गए हथियारों को एक जगह से दूसरी जगह ले जाने और कश्मीरी उग्रवादियों के सहयोग से आप्रेशन 'के-टू' (के-दो) को नए ढंग से चलाने की कोशिश में हैं। मजीठा पुलिस जिला के एस.एस.पी. आर.एस. खटड़ा ने बताया कि अन्य जिलों के मुकाबले मजीठा पुलिस जिले में कई मारे गए आतंकवादियों के हथियार अभी तक पुलिस के हाथ नहीं लगे। इनमें जसविंद्र सिंह गडासा, चाचोवालिया, सीतल मत्तेवाल, गुरभेज सिंह गेजा, दलीप सिंह बब्बर शामिल हैं। उन्होंने बताया कि यदि ये भूमिगत किए गए हथियार मिल

Punjabi Sarchive

40 से अधिक हत्याओं के लिए जिम्मेदार कुख्यात आतंकवादी जसपाल सिंह गिरफ्तार

फिरोजपुर, 16 जनवरी (कन्तोड़, बागी) : पंजाब में आतंकवादी ग्रुपों की तरफ से एक बार पुन: अशांति व हिंसा का दौर पैदा करने के प्रयासों के खिलाफ पुलिस द्वारा प्रारम्भ आप्रेशन सतर्कता के अंतर्गत जिला पुलिस को भारी सफलता प्राप्त हुई है। यह जानकारी देते हुए पत्रकार सम्मेलन में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि 13 जनवरी की साय 7 बजे थाना धर्मकोट के तहत ढोलेवाला से शेरपुर कच्चा रोड पर शेरपुर तहबां के पास नाकाबंदी के दौरान पुलिस पार्टी ने संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक को आते देखा रोक कर जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से एक 25 बोर पिस्तौल व 10 जीवित कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने उसकी पहचान जसपाल सिंह वासी नंगली थाना मेहता पुलिस जिला मजीठा के रूप में की है। उसके कब्जे से एक जाली ड्राइविंग लाइसैंस दलबीर सिंह पुत्र सरदूल सिंह के नाम पर, जिस पर पता ए-1470 रायवाला-इदौर (म. प्र.) है, वर्ष 1993 का मिला है।

श्री शर्मा ने आगे बताया कि प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान उसकी निशानदेही पर शेरपुर तैबां गांव के घने वृक्षों के पास से भारी मात्रा में हथियार व गोली-सिक्का बरामद हुआ है जिसमें ए. के. 47 (दो), तीन मैगजीनें ए. के.-47 व 138 जीवित कारतूस, एक सैल्फ लोडिंग राइफल, 2 मैगजीन व 114 जीवित कारतूस एस. एल. आर., 70 डैटोनेटर व फ्यूजवायर तथा खालिस्तान कमांडो फोर्स के 35 लैटर पैड मिले हैं।

श्री शर्मा ने बताया कि पूछताछ के दौरान उसने पुलिस के समक्ष स्वीकार किया कि 1987 में वह आतंकवादी लहर में शामिल हुआ था। सब से पहले कारज सिंह थांदे खालिस्तान कमांडो फोर्स (जफरवाल) में शामिल हुआ था, तब उसकी गतिविधियों का क्षेत्र मजीठा व तरनतारन जिले थे। फिर 1988 में अमृतसर में स्वर्ण मंदिर में हुए ब्लैक थंडर आप्रेशन में गिरफ्तार हुआ व 1990 में जमानत पर रिहा होने पर पुन: सक्रिय हो गया। बाद में चंचल सिंह उदोके खालिस्तान आर्म्ड फोर्स में शामिल हो गया। जब इस ग्रुप के सभी साथी एक-एक करके पुलिस के साथ हुए विभिन्न मुकाबलों में मारे गए तो नवम्बर 1992 में वह (जसपाल सिंह) उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश में छिपने के लिए भाग गया।

श्री शर्मा ने आगे कहा कि उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश में क्योंकि इसके संबंधी व जानकार बहुत थे, इसलिए इसने अपनी आगे की गतिविधियों का केन्द्र वहीं रखा। पंजाब में कुल 36 हत्याएं करना, जिनमें 6 पुलिसकर्मी भी शामिल हैं, इसने स्वीकार किया है। इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश में पांच पुलिस कर्मियों सहित कुल आठ हत्याएं करना भी इसने स्वीकार किया है। इसके अतिरिक्त उसने मध्य प्रदेश में तीन हाईवे डकैतियां की, जिनमें इसके और भी साथी थे, जो अब मारे जा चुके हैं। साथ में इसने तीन ट्रक छीने व उन ट्रकों के ड्राईवर/क्लीनर मार दिए। इस आतंकवादी के उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश में पुलिस के साथ चार बार मुकाबले भी हुए जिनमें पांच पुलिस कर्मी व तीन इसके साथी मारे गए।

पूछताछ के दौरान पकड़े गए आतंकवादी ने पुलिस को बताया है कि नामी आतंकवादी यू. पी., गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश के जंगलों में फिरते हैं, जबकि उनसे भी बड़े आतंकवादी पाकिस्तान, हालैंड, जर्मनी आदि में इस समय शरण लिए हुए हैं। पाकिस्तान की खुफिया एजैंसी आई. एस. आई. उन सब को प्रेरित कर रही है कि वे अपने अभियान को पुन: सक्रियता से शुरू करें। श्री शर्मा के अनुसार हाल ही में आतंकवादी धड़ों के किसी सूत्र से

(शेष पृष्ठ 10 पर)

पुलिस थाना धर्मकोट जिला फिरोजपुर में पुलिस पार्टी द्वारा नाकाबंदी के दौरान पकड़े गए खालिस्तान आर्म्ड कमांडो फोर्स के दुर्दांत उग्रवादी जसपाल सिंह से बरामद किए गए शस्त्रों (दाएं) व गोली-सिक्के का एक चित्र। (बाएं) जसपाल सिंह का जाली ड्राइविंग लाइसैंस। (छाया: कन्तोड़)

Punjabi Sanatan

जालंधर पुलिस व बी.एस.एफ. द्वारा भोगपुर के पास हथियारों की बड़ी खेप पकड़ी गई। (1) बी.एस.एफ. के सहायक कमांडेंट अरविन्द्र सिंह ए.के. 94, जो राकेट व ग्रेनेड चलाने में भी इस्तेमाल की जाती है, पत्रकारों को दिखाते हुए। (2) जालंधर के एस.एस.पी. श्री दिनकर गुप्ता पत्रकारों को जानकारी देते हुए। मेज पर पड़ा गोली सिक्का, (3) बब्बर खालसा के महल सिंह द्वारा अपने साथियों को लिखा गया पत्र, (4-5) कार में से बरामद रिवाल्वर, एक ए.के. 47, दो ए.के. 94 व पांच अन्य राइफलें, (6) वह कार, जिसमें से यह सारा असला बरामद हुआ। (छाया: शिव जैमिनी)

मजीठा पुलिस से मुठभेड़ में मरने वाला उग्रवादी बब्बर खालसा का लैफ्टिनैंट जनरल : के. पी. एस. गिल

Punjabi Sanatani

अमृतसर, 18 जनवरी (वार्ता, प.स., दीपक अशोक): पंजाब के पुलिस महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल ने आज कहा कि पाकिस्तान की गुप्तचर संस्था इंटर सर्विसेज इंटैलीजैंस (आई.एस.आई.) के अलावा विदेशों में बसे कुछ खालिस्तान समर्थक तत्व भी राज्य में फिर से सक्रिय होने का प्रयास कर रहे हैं।

उन्होंने यहां पत्रकारों से कहा कि विदेशों में बसे कुछ लोग तथाकथित खालिस्तानी संघर्ष को फिर से चलाने के लिए समय-समय पर प्रचार करते रहते हैं। उन्होंने इस संदर्भ में अमरीका में बसे गुरमीत सिंह औलख का नाम लिया। उन्होंने कहा कि भारत में औलख और उनके साथियों के हो-हल्ले पर सिख ध्यान नहीं देते लेकिन विदेशों में बसे कुछ सिख इस खालिस्तानी प्रचार पर विश्वास करते हैं।

श्री गिल ने विदेशी हाथ के बारे में कहा कि कुछ सिख संगठन सिखों की धार्मिक भावनाएं उभारने का प्रयास कर रहे हैं और वे सिखों को बांटने के लिए पैसा भी देते हैं, लेकिन उनका प्रभाव विदेशों में बसने वाले सिखों तक ही सीमित है। उन्होंने कहा इन संगठनों के नेताओं ने पिछले कई सालों में काफी पैसा इकट्ठा कर लिया है और अब वे खालिस्तान आंदोलन के लिए इसमें से बहुत कम खर्च कर रहे हैं।

उन्होंने पुलिस के खिलाफ अदालतों में दाखिल मुकद्दमों के बारे में कहा कि उग्रवाद समर्थक कुछ तत्व पुलिस के खिलाफ याचिका दायर कर अदालत का उपयोग करने का प्रयास कर रहे हैं। उनका उद्देश्य सुरक्षा बलों का मनोबल गिराना और उग्रवाद को उकसाना है।

उन्होंने कहा कि उग्रवाद के दौरान पंजाब में मरने वालों के मुकाबले में पुलिस के खिलाफ बहुत कम मामले दर्ज हैं। उन्होंने कहा कि हर अपराध को यहां तक कि उग्रवादियों के अपराध की भी पुलिस से जोड़ने की प्रवृत्ति मौजूद है।

श्री गिल ने यह स्पष्ट किया कि गत 12 वर्षों में जो अज्ञात उग्रवादी मारे गए हैं, उनका अंतिम संस्कार किया जा चुका है। उनके सम्बन्ध में हम न तो कोई सूची प्रदान कर सकते हैं और न ही उनका विवरण पुलिस के पास है। श्री गिल ने स्पष्ट किया कि जो लोग अपने लड़कों के गुम होने का आरोप पुलिस पर लगाते हैं, उनका कुत्सित इरादा केवल उग्रवादियों की नई नीति के लिए स्थान बनाना है। श्री गिल ने उदाहरण के रूप में एक गुम हुए उग्रवादी का विवरण देते हुए बताया कि इस उग्रवादी के परिवार के सदस्य थाने में रिपोर्ट दर्ज करवा चुके हैं कि पुलिस उनके लड़के को उठा कर ले गई है। लेकिन वस्तुस्थिति यह है कि उक्त उग्रवादी पुलिस को वांछित है। गत दिवस वह उग्रवादी अपनी बहन का विवाह करके गया और अपने पिता का अत्याधुनिक अस्पताल में इलाज करवाता रहा। उन्होंने कहा कि ऐसे कई उदाहरण हैं। लोग पुलिस को गुमराह करके उग्रवादियों के आदेशों के अनुसार करते हैं। इसके अतिरिक्त कई ऐसे एजैंट भी हैं, जो गुम हुए लोगों के जाली पासपोर्ट आदि बनवाकर 5 से 7 लाख रुपए प्रति व्यक्ति लेकर उन्हें विदेश में भेज देते हैं और उनके परिजन पुलिस पर झूठे आरोप लगाते रहते हैं। श्री गिल ने बताया कि पुलिस के रिकार्ड में मारे गए कुछ उग्रवादी जीवित सिद्ध हुए हैं, वह पहचान में गलती होने के कारण है।

श्री गिल ने बताया कि नई योजना के अंतर्गत राज्य पुलिस को आदेश दिए गए हैं कि जो मुकद्दमे

(शेष पृष्ठ 12 पर)

खुरलकलां जालंधर में हथियारों से भरी उग्रवादियों की कार काबू

सिंह पुलिस की हिरासत से भाग निकला । मृत मिलिटैंट की शिनाख्त नहीं हो सकी है ।

पूर्व मंत्री के घर पर बम फैंका : फाजिल्का (धर्मलना): पंजाब के पूर्व मंत्री चौधरी राधाकृष्ण के गांव खुईखेड़ा स्थित आवास पर कल रात एक देसी बम फैंके जाने का समाचार मिला है । गांव के सरपंच तथा श्री राधाकृष्ण के भतीजे श्री प्रेम कुमार ने आज यहां उक्त जानकारी देते हुए बताया कि यह बम लगभग एक किलो वजन का था । उन्होंने बताया कि सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा कर्मी ने जब फायरिंग की तो बम फैंकने आए शरारती तत्व अंधेरे में भाग गए । इस विस्फोट में कोई हताहत नहीं हुआ । अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है ।

मिलिटैंटों की शिनाख्त : फरीदकोट : रानिया गांव के निकट कल हुई मुठभेड़ में मारे गए दो मिलिटैंटों की शिनाख्त मन्दिर सिंह तथा परमजीत सिंह के रूप में हुई है । पुलिस के अनुसार इन दोनों की, हत्याओं व जबरी धन वसूली के अनेक मामलों में तलाश थी ।

गिरफ्तार : जालन्धर : जिला पुलिस ने थाना नूरमहल के तहत गांव संघा खालसा के हरदीप सिंह पुत्र लछमन सिंह को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से .315 बोर की एक पिस्तौल तथा 15 कारतूस बरामद किए हैं ।

3 मिलिटैंट गिरफ्तार : बरनाला (सिधवानी): बरनाला के पुलिस अधीक्षक श्री ईश्वर चन्द शर्मा ने बताया कि जिला बरनाला पुलिस ने तीन मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया है जिनकी पहचान सर्वजीत सिंह (गांव जलान, थाना जबालपुरा, जिला भटिंडा), राजेन्द्र सिंह उर्फ राज (गांव गिल्ला, थाना खरोड़), जसवन्त सिंह उर्फ राजी (गांव संघा बस्सी, थाना बरनाला) के रूप में हुई है ।

इन मिलिटैंटों के कब्जे से पुलिस ने एक दोनाली 12 बोर की राइफल, 32 बोर का रिवाल्वर तथा 315 बोर की राइफल के अतिरिक्त बड़ी मात्रा में गोली-सिक्का बरामद किया है । श्री शर्मा ने बताया कि यह मिलिटैंट पुलिस को अनेक हत्याओं और लूटपाट के मामलों में वांछित थे ।

2 मिलिटैंट मरे : पूर्व मंत्री के घर बम फैंका गया

चंडीगढ़, 23 फरवरी : पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान सुरक्षा बलों ने दो मिलिटैंटों को मार गिराया जबकि इसी अवधि में अज्ञात मिलिटैंटों ने जिला फिरोज़पुर के गांव खुईखेड़ा में पंजाब के पूर्व मंत्री चौ. राधा कृष्ण के घर में बम फैंका, लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ । सुरक्षा बलों ने विभिन्न स्थानों से 4 मिलिटैंटों को गिरफ्तार भी किया है ।

अज्ञात मिलिटैंट मरा : बटाला (चौधरी): पुलिस थाना रंगड़ नंगल के तहत गांव पंजगराईं के पास गत रात सुरक्षा बलों के साथ भिड़ंत में एक मिलिटैंट मारा गया । उसके दो साथी भाग निकले । मारे गए मिलिटैंट की शिनाख्त नहीं हो सकी है । उसके पास से 303 बोर की एक राइफल तथा 15 कारतूस मिले हैं ।

एक मिलिटैंट मरा, एक को मिलिटैंटों ने छुड़ाया : संगरूर : इस जिले के कमालपुर गांव के पास हथियारों की बरामदगी के लिए एक मिलिटैंट हरदीप सिंह को ले जा रहे पुलिस दल पर गत रात कुछ मिलिटैंटों ने घात लगा कर हमला किया । इस मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया, लेकिन हरदीप

(शेष पृष्ठ 12 पर)

Punjab Sanatani

चंडीगढ़, 31 अगस्त (राकेश संधी): आज यहां पंजाब नागरिक सचिवालय के बाहर हुए जबरदस्त बम विस्फोट में पंजाब के मुख्यमंत्री श्री बेअंत सिंह के अलावा उनके सुरक्षा कर्मियों सहित 15 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई। यह बम विस्फोट सायं 5 बज कर 10 मिनट पर हुआ। श्री बेअंत सिंह यहां दूसरी मंजिल पर स्थित अपने कार्यालय से नीचे आकर बी.आई.पी. गेट के बाहर अपनी कार में अभी बैठ ही रहे थे कि बम विस्फोट हो गया।

यह बम विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि सचिवालय की 11 मंजिला इमारत बुरी तरह हिल गई इमारत की सभी मंजिलों की खिड़कियों के शीशे टूट गए। इस बम विस्फोट के डेढ़ घंटा बाद तक भी यह पता नहीं लग पा रहा था कि विस्फोट में कितने लोगों की मृत्यु हुई। सचिवालय के बी.आई.पी. गेट के आसपास कई लाशों के चीथड़े काफी दूर तक इधर-उधर बिखरे पड़े थे।

प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार इस शक्तिशाली बम विस्फोट में मुख्यमंत्री श्री बेअंत सिंह के अलावा उनके दो निजी सचिव श्री यशपाल बाली व श्री स्वर्ण व तीन कमांडोज सहित कुल 15 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई और चार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

बम विस्फोट से मृत अन्य लोगों के बिखरे पड़े क्षत-विक्षत शव।



बम विस्फोट में मारा गया एक ब्लैक कैट कमांडो (छाया : अनिल पुरी)

गृह मंत्रालय द्वारा रैड अलर्ट : देश भर के हवाई अड्डों पर कड़ी निगरानी

नई दिल्ली, 31 अगस्त (मनमोहन शर्मा): पंजाब के मुख्यमंत्री सरदार बेअंत सिंह की निर्मम हत्या से सरकारी और राजनीतिक क्षेत्र दोनों ही स्तब्ध रह गए हैं। गृहमंत्रालय ने रैड अलर्ट जारी कर दिया है और देश भर की हवाई अड्डों पर निगरानी कड़ी कर दी है ताकि हत्यारे विदेशों में फरार न हो सकें।

इस घटना की सूचना मिलते ही केन्द्रीय गृहमंत्री शंकर राव चवन ने पंजाब के राज्यपाल लै. जनरल (अवकाश प्राप्त) बी.के.एन. छिब्बड़ से हाट लाईन पर सम्पर्क कर स्थिति की जानकारी ली। श्री चवन ने राज्यपाल से पंजाब में कानून और व्यवस्था की स्थिति को किसी हाल में न बिगड़ने देने के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

श्री चवन ने इस घटना के तुरंत बाद गृह मंत्रालय में आंतरिक सुरक्षा के विशेष सचिव बी.के. जैन तथा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पंजाब की स्थिति के बारे में विचार किया। गृह मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार श्री चवन, प्रधानमंत्री

(शेष पृष्ठ 12 पर)

हो गए। मृतकों में हरियाणा पुलिस का एक हैड कांस्टेबल श्री अजायब सिंह भी शामिल है जो उस वक्त वी.आई.पी. गेट पर तैनात था।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जैसे ही श्री बेअंत सिंह ने अपनी बुलैट प्रूफ एम्बैसडर कार नम्बर पी.बी.-68, 3069 में चढ़ने के लिए पैर आगे बढ़ाया उसी वक्त बम विस्फोट हो गया और चारों तरफ अफरातफरी फैल गई। बम कार में रखा हुआ था। सचिवालय की सभी मंजिलों की खिड़कियों के शीशों के चकनाचूर हो जाने से कर्मचारी सचिवालय से बाहर भागने शुरू हो गए।

घटनास्थल पर वीभत्स दृश्य था। क्षत-विक्षत अंग, खून और कारों की खिड़कियों के टुकड़े जहां-तहां बिखरे पड़े थे। विस्फोट में श्री बेअंत सिंह के चीथड़े उड़ गए।

बम विस्फोट में मुख्यमंत्री के आगे उनके कमांडोज की कार नम्बर पी.बी.-27, 6516 और पीछे खड़ी सुरक्षा कर्मियों की कार नम्बर पी.बी.-27, 6514 भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। श्री बेअंत सिंह का शव इतना क्षत-विक्षत हो गया कि उसकी पहचान करना भी मुश्किल हो गया। बम विस्फोट में उनके मारे जाने की पुष्टि उनके सिर के बालों से की गई।

भारी सुरक्षा क्षेत्र में हुए इस बम विस्फोट ने आम जनता को ही नहीं बल्कि उच्च वरिष्ठ अधिकारियों को भी हैरानी में डाल दिया। पंजाब के पुलिस प्रमुख श्री के.पी.एस. गिल भी इस बम विस्फोट को देखकर दंग रह गए। पुलिस का मत है कि यह शक्तिशाली बम विस्फोट रिमोट कंट्रोल की मदद से किया गया, लेकिन यह किसी की समझ में नहीं आ रहा कि आखिर बम मुख्यमंत्री वाली कार में रखा कैसे गया। विस्फोटक विशेषज्ञों का मत है कि इस विस्फोट के लिए आर.डी.एक्स. का इस्तेमाल किया गया। मुख्यमंत्री की कार हमेशा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में रहती है।

इस घटना की सूचना पाते ही पंजाब के कई मंत्री तक स्तब्ध रह गए। घटनास्थल पर पहुंचते ही मंत्रियों की आंखें छलक आईं।

विस्फोट के बाद पुलिस ने घटनास्थल को इस तरह घेर लिया कि किसी मंत्री तक को मुख्यमंत्री का शव देखने के लिए आगे न जाने दिया गया। दूर से ही मंत्री आपस में यह कहते रहे कि हम तो यतीम हो गए और पंजाब बर्बाद हो गया।

चंडीगढ़ के जनरल अस्पताल व पी.जी.आई. से मिली सूचना के अनुसार बम विस्फोट से कुल 19 व्यक्ति घायल हुए, जिनमें भटिंडा के विधायक श्री बलदेव सिंह भी शामिल हैं। जो घायल व्यक्ति पी.जी.आई. में उपचाराधीन हैं, उनमें श्री बलदेव सिंह के अलावा सचिवालय के बी.आई.पी. गेट पर तैनात हरियाणा पुलिस का कांस्टेबल पाला राम, गेटकीपर तोता राम, मुख्यमंत्री की सुरक्षा से संबंधित सी.आर.पी.एफ. के एस.पी. श्री डी.के. त्रिपाठी, सुरक्षा गार्ड धनवंत सिंह व एक अज्ञात व्यक्ति शामिल है। इसके अलावा तीन अन्य व्यक्तियों पंजाब पुलिस के ए.एस.आई. मुख्तयार सिंह, हरियाणा पुलिस के हैड कांस्टेबल अजायब सिंह व एक पी.एस.ओ. चमकौर सिंह को भी पी.जी.आई. में लाया गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने तक उनकी मृत्यु हो चुकी थी।

बम विस्फोट में घायल जिन 13 व्यक्तियों को उपचार के लिए जनरल अस्पताल में दाखिल करवाया गया है, उनमें अजायब सिंह, जोगिंदर सिंह, हैड कांस्टेबल मनमोहन सिंह, वीरेन्द्र राणा, उपकार, मनजीत सिंह, कुलदीप सिंह, केसर सिंह, सुविंदर सिंह, कुलवंत सिंह, दुर्गा दास, बलबीर सिंह व महावीर प्रसाद शामिल हैं। पी.जी.आई. में उपचाराधीन सभी 6 व्यक्तियों की हालत चिंताजनक बताई जाती है।

यह भी पता चला है कि इस बम विस्फोट से श्री बेअंत सिंह की सुरक्षा से संबंधित दो ब्लैक कमांडोज के कान के पर्दे फट गए। पंजाब के राज्यपाल श्री बी.के.एन. छिब्बड़ ने मौके पर जाकर घटनास्थल का दौरा किया।

और बम विस्फोटों की आशंका : गुप्तचर सूत्रों ने आशंका व्यक्त की है कि आगामी 24 घंटों के दौरान पंजाब व इसके आसपास के राज्यों के संवेदनशील इलाकों में बम विस्फोट हो सकते हैं।

पंजाब में भी 7 दिन का शोक : 'वि.प्र.' के अनुसार पंजाब के कार्यवाहक मुख्यमंत्री श्री हरचरण सिंह बराड़ ने आज रात यहां कहा कि श्री बेअंत सिंह के निधन पर सरकारी तौर पर सात दिन का शोक मनाया जाएगा। एक सितम्बर को कांग्रेस विधायक दल की चंडीगढ़ में बैठक बुलाई गई है जिसमें श्री बेअंत सिंह को श्रद्धांजलि भेंट की जाएगी।

उन्होंने बताया कि श्री बेअंत सिंह का मृतक शरीर एक सितम्बर को पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी (इ) के मुख्यालय कांग्रेस भवन में रखा जाएगा, जहां लोग उन्हें श्रद्धांजलि भेंट कर सकेंगे।

उन्होंने बताया कि दो दिन सरकारी छुट्टी करने का फैसला किया गया है।

विधायक दल के नेता का चयन : उन्होंने कहा कि विधायक दल के नेता का चुनाव श्री बेअंत सिंह के अंतिम संस्कार के बाद किया जाएगा।

बब्बर खालसा ने ज़िम्मेवारी ली

जालधर, 31 अगस्त (का.प्र.): बब्बर खालसा इंटरनैशनल ने पंजाब के मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की हत्या की ज़िम्मेवारी ली है। इस संबंध में पंजाब केसरी के कार्यालय को फैक्स पर हस्ताक्षरित वक्तव्य प्रेषित किया गया है, जिसमें कहा गया है कि, "बब्बर खालसा इंटरनैशनल के मुखी भाई वधावा सिंह ने अखबारों के नाम बयान जारी करके पंजाब के मुख्यमंत्री बेअंत सिंह को मारने की ज़िम्मेवारी अपने सिर पर ली है। सिख कौम के साथ जो दुश्मनी इसने की थी, उससे दुष्टों की सूची में यह पहले नम्बर पर आ गया था इसलिए इसे सज़ाए-मौत देनी पड़ी।" नीचे हस्ताक्षरों में कहा गया है--वधावा सिंह, मुख्य सेवादार, बब्बर खालसा इंटरनैशनल तथा जारी कर्त्ता--महल सिंह, विदेश सचिव, बब्बर खालसा इंटरनैशनल।


BABBAR KHALSA
INTERNATIONAL

Punjabi Sanatani

करता हुआ।

बम विस्फोट में मारे गए व्यक्ति का धड़

प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या लगभग एक ढंग से की गई है। पुलिस ने यह जानकारी दी।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने यहां कहा कि बेअंत सिंह की हत्या सुरक्षा के कई घेरों के बावजूद हुई क्योंकि उसमें गम्भीर खामी थी और यही राजीव गांधी के साथ हुआ था।

राजीव गांधी की हत्या में भी उग्रवादी (मानव बम) की शक्ल में सुरक्षा के कई घेरे और व्यापक जांच-पड़ताल की दीवार तोड़ कर पूर्व प्रधानमंत्री के पास जा पहुंचा था।

अधिकारियों ने यह भी कहा कि 70 वर्षीय मुख्यमंत्री की हत्या से उग्रवाद विरोधी अभियान को धक्का लगा है। बेअंत सिंह के नेतृत्व में 1992 में आतंकवाद विरोधी अभियान को काफी बल मिला था।

श्री बेअंत सिंह ने अपने निधन के कुछ देर पहले सम्वाददाताओं से बातचीत करने से इंकार करते हुए उनसे बाद में मिलने का अनुरोध किया था। श्री बेअंत सिंह ने सम्वाददाताओं की ओर से सवाल पूछे जाने पर कहा था, "इस समय मैं बहुत थका हुआ हूं, कृपया कल मेरे पास आइए।"

कांग्रेस द्वारा पंजाब बंद का आह्वान : पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी (इ) ने मुख्यमंत्री श्री बेअंत सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए आज के दिन को पंजाब के इतिहास का काला दिन करार देते हुए एक सितम्बर को पंजाब बंद का आह्वान किया है। यह जानकारी पार्टी के महासचिव श्री गुरमेल सिंह ने दी है।

हरियाणा में 7 दिन का शोक : हरियाणा सरकार ने पंजाब के मुख्यमंत्री श्री बेअंत सिंह की आज सायं एक बम विस्फोट में हुई मृत्यु पर राज्य में सात दिन का शोक रखने की घोषणा की है। इसके साथ ही तीन दिन 3 सितम्बर तक राज्य के सभी सरकारी कार्यालय व शैक्षणिक संस्थान शोक में बंद रखने का फैसला किया गया। नैगोशिएबल इन्स्ट्रूमैंट एक्ट के अधीन भी इन तीनों दिन छुट्टी रहेगी।

अदालतें आज बंद रहेंगी : पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार से प्राप्त सूचना के अनुसार पंजाब तथा चंडीगढ़ में सभी दीवानी तथा फौजदारी अदालतें एक सितम्बर को बंद रहेंगी।

उत्तर भारत में रैड अलर्ट : पंजाब के मुख्यमंत्री श्री बेअंत सिंह की बम विस्फोट में मृत्यु के दृष्टिगत दिल्ली, पंजाब, हरियाणा व चंडीगढ़ में रैड अलर्ट घोषित कर दिया गया।

चंडीगढ़ पुलिस ने शहर से बाहर जाने वाले सभी रास्ते सील कर दिए हैं ताकि उग्रवादी तत्वों को भागने से रोका जा सके। विभिन्न स्थानों पर नाके लगा दिए गए हैं तथा वाहनों की जांच की जा रही है। श्री बेअंत सिंह के पैतृक जिला लुधियाना में भी सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

दिल्ली में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने स्थिति की आज समीक्षा की तथा सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने के लिए पग उठाए गए।

पायलट चंडीगढ़ रवाना : सूरत (प.स.): केंद्रीय आंतरिक सुरक्षा राज्यमंत्री श्री राजेश पायलट आज यहां श्री बेअंत सिंह की हत्या के बारे सुन कर

चंडीगढ़ के सैक्टर-19 में बेहोश होकर गिरी हुई अज्ञात युवती के पास खड़े पुलिस अधिकारी व कर्मचारी। (छाया : पुरी)

घोषणा की। केंद्र सरकार के सभी कार्यालय कल बंद रहेंगे।

कार्यसमिति की बैठक आज : कांग्रेस कार्यकारिणी समिति ने श्री बेअंत सिंह की मृत्यु पर शोक प्रकट करने के लिए कल नई दिल्ली में प्रधानमंत्री निवास पर बैठक बुलाई है।

केंद्रीय गृहमंत्री श्री एस.बी. चवन ने आज कहा कि बम विस्फोट की पूरी जांच की जाएगी ताकि पता लगाया जा सके कि इस जघन्य अपराध के पीछे किसका हाथ था। श्री चवन ने कहा कि अपराधी बच नहीं सकता और उन्हें जल्द ही पकड़ लिया जाएगा। जब उनसे यह पूछा गया कि इस घटना के बाद पंजाब फिर से आतंकवाद की गिरफ्त में चला जाएगा, श्री चवन ने कहा, "मुझे ऐसा नहीं लगता, यह एक अलग घटना है।"

नई दिल्ली (वार्ता): कांग्रेस से अलग हुए गुट के कार्यकारी अध्यक्ष श्री अर्जुन सिंह ने बेअंत सिंह की हत्या को अत्यंत दुखद बताते हुए कहा है कि आतंकवाद का डटकर मुकाबला करने वाले पंजाब के मुख्यमंत्री अंततः आतंकवाद का ही शिकार हो गए।

उन्होंने कहा कि पूरा देश श्री बेअंत सिंह के शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना प्रकट करता है।

राष्ट्रपति डा. शंकर दयाल शर्मा और देश के सभी प्रमुख राजनीतिक दलों तथा राष्ट्रीय नेताओं ने आज चंडीगढ़ में पंजाब के मुख्यमंत्री श्री बेअंत सिंह तथा सुरक्षा कर्मियों की पाशविक हत्या की कड़े शब्दों में निंदा की गई है और देशवासियों विशेषकर पंजाब के लोगों से इस कठिन समय में हर स्तर पर शांति बनाए रखने की अपील की है।

राष्ट्रपति डा. शंकर दयाल शर्मा ने पंजाब के मुख्यमंत्री श्री बेअंत सिंह की हत्या की निंदा करते हुए इसे एक क्रूरतापूर्ण और बर्बर कृत्य बताया। उन्होंने अपनी श्रद्धांजलि देते कहा कि श्री सिंह ने पंजाब में शांति और समृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनकी शहादत से आतंकवाद के खिलाफ संघर्ष में देश का संकल्प और मजबूत होगा।

Punjabi Sanatani

बेअंत सिंह का निधन

(पृष्ठ 1 का शेष)

व्यक्तियों की शिनाख्त अभी की जा रही है। उन्होंने इस बम विस्फोट में मुख्यमंत्री की सुरक्षा से जुड़े लोगों की मिलीभगत होने की सम्भावना से इंकार नहीं किया। उनका कहना था कि मुख्यमंत्री के सुरक्षा में कोई ढील नहीं दी जा रही थी। विस्फोट के लिए प्रयोग की गई तकनीक और इसमें संलिप्त लोगों का पता लगाने के लिए बड़ी बारीकी से छानबीन की जा रही है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री की सुरक्षा के प्रभारी उप-महानिरीक्षक श्री जे.पी. बिरदी को एक महीने पहले ही इस पद पर लाया गया था।

सचिवालय के द्वार पर लगे एक्स-रे स्कैनिंग मशीन और मैटल भी विस्फोट में बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।

विस्फोट के धमाके से निकट ही स्टेट बैंक की शाखा में लगी दीवार घड़ी बंद हो गई, इसमें उस वक्त पांच बज कर तेरह मिनट बजे थे।

सचिवालय के स्वागत कक्ष की छत और पार्टीशन दीवारें भी विस्फोट से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

पी.जी.आई. में भर्ती सचिवालय का गेटकीपर तोता राम और एक अज्ञात व्यक्ति दम तोड़ गए। मृतकों की आधिकारिक सूची जारी नहीं की गई है। मृतकों में मुख्यमंत्री की कार का ड्राईवर दर्शन सिंह भी शामिल है।

बाद में घटनास्थल से मुख्यमंत्री का एक पैर और कड़ा भी मिला। पैर की पहचान उनके जूते से हुई। पायलट कार में सवार एक ब्लैक कैट कमांडो, जो इस भयंकर विस्फोट में साफ बच निकला, ने बताया कि मुख्यमंत्री जब कार में सवार हो रहे थे उस वक्त विस्फोट हुआ। बच निकले कमांडो विस्फोट स्थल पर भौचक्के खड़े थे। एक व्यक्ति का पैर विस्फोट स्थल से 100 मीटर दूरा जा गिरा।

पंजाब के मुख्यमंत्री श्री बेअंत सिंह तथा पूर्व

Punjab Digital Library

भीषण बम विस्फोट में बेअंत सिंह का निधन

पंजाब हरियाणा सचिवालय के मुख्य द्वार पर वी.आई.पी. कार में धमाका : 15 सुरक्षा कर्मी भी मारे गए

सात दिन का शोक : पंजाब, हरियाणा में तीन दिन की छुट्टी : पूर्व घोषित कार्यक्रम रद्द

आज पंजाब बंद का आह्वान : राष्ट्रीय नेताओं द्वारा दिवंगत नेता को श्रद्धांजलियां : उत्तर भारत में रैड अलर्ट







(ऊपर) पंजाब के पुलिस महानिदेशक श्री के.पी.एस.गिल मुख्यमंत्री श्री बेअंत सिंह की बम विस्फोट से नष्ट हुई कार का निरीक्षण करते हुए। (दाएं) कार के मलबे में पड़े श्री बेअंत सिंह के शरीर के अंग (सफेद दायरे में)

Punjabi Sanatan

KRANTI®
Water Meter
ON D.G.S. & D RATE CONTRACT
SIZE 15 mm TO 250 mm
MFD. BY
AMAN ENGINEERING WORKS
30-31, Aman Nagar, Jalandhar-144 004
Phone : 292364, 292365, 292366

THE TRIBUNE

115TH YEAR OF PUBLICATION

Vascic Body MRI SCAN
Mammography
ADVANCED DIAGNOSTICS
17/8, Kennedy Avenue, The Mall, Amritsar - 143001
Ph:221136 Fax:91-0183-220875

Vol. 115 No. 241 City Edition Chandigarh : Friday, September 1, 1995 Pages 16 Rs 2-00

BEANT SINGH ASSASSINATED

The dark face of militancy again

by Hari Jaisingh

WITH the shocking death of Chief Minister Beant Singh in a powerful blast of a bomb planted right in his car, the ghost of terrorism seems to have come back in Punjab with a vengeance. This gruesome incident has occurred at a time when a sense of complacency had begun to sink in the politico-administrative psyche of the state. Not that there was any visible scaling down of the security measures around the VVIPs. The security ring around the ministers and other important functionaries had come to acquire a status symbol more than being an exercise in substance. The very fact that the bomb exploded as the Chief Minister got into his car with a paraphernalia of commandos shows the penetration of saboteurs right in his maximum security zone. It is apparently the handiwork of some insiders who were supposed to protect him from possible sniper shots from militants. This is a clear case of a deep-rooted conspiracy and to that extent a total failure of counter-intelligence operations which is supposed to check, recheck and monitor the goings-on among those who are meant to protect VVIPs. There is in this an obvious parallel with what killed Indira Gandhi.

A very serious development, Thursday's bloody drama outside the Punjab Secretariat, means a big setback to the fight against terrorism in Punjab of which Mr Beant Singh had emerged as an uncrowned hero. This gruesome happening should force the policy-makers and the people in general to thoroughly review the state of militancy in Punjab. There have, of course, been reports from time to time of various attempts at regrouping of different militant groups in consultation and coordination with their patrons overseas and across the border. But officially nothing was thought to be a serious enough threat to the growing normalcy in Punjab. Without panic reaction, there is the utmost need for a calm and calculated response at this hour of crisis. This gory incident may mean different things to different groups, but the fact remains that the people had begun to take for granted the atmosphere of peace and cordiality in the state. With that, expectations too were growing for a faster pace of growth and development.

The atmosphere of peace and normalcy will have to be maintained. There can be no compromise on this. Also, the process of democracy must have its full play. The question now is not of who is the winner or who the loser. The people of Punjab must rise as one man and tell the rest of the country and the world that the blood shed by the author of peace in the state after over a decade of terrorism shall not go waste. The people of Punjab are both dynamic and vibrant. They have suffered immensely under the shadow of bullet. We expect them not to allow history to repeat itself. All that is required is less complacency and more vigilance. There is a price to be paid for freedom. And we know how and when we should stand up and be counted. Over to the new man, Mr Harcharan Singh Brar, and the people of Punjab.

Car bomb leaves 15 more dead

Tribune News Service

CHANDIGARH, Aug 31 — The Chief Minister of Punjab, Mr Beant Singh was killed today in a powerful car bomb blast outside the Civil Secretariat building here.

At least 15 other persons, including three members of his personal staff, three National Security Guards, and two gatekeepers, were also killed and 16 injured.

The attack took place shortly after 5 p.m. The Chief Minister came down in a lift from his first floor office, walked to his car parked in the porch, which blew up as soon as he stepped into it. Eyewitnesses said a big orange ball of fire engulfed the entire area and thick smoke billowed all around. Two other cars parked around the Chief Minister's vehicle were also destroyed in the blast.

The body of Mr Beant Singh lay charred and mutilated beyond recognition between the front and back seat of the car. A steel bangle (kara) and a shoe (jooti) were the only things left to help identify his body.

The powerful bomb blast wreaked havoc in the porch and the VIP lobby areas of the Civil Secretariat. It also caused extensive damage to the Chief Minister's office, the VIP waiting room, and the offices of Mr Beant Singh's Political Secretary and security chief, and the room of Mr Harcharan Singh Brar, located on the building's first floor.

The entire site was a picture of devastation. Three cars, including the one carrying the Chief Minister, were reduced to mangled hulks of steel. Mutilited bodies and severed limbs littered the porch and the VIP lobby. The floor of the VIP lobby was strewn with broken windowpanes, while the false ceiling of the lobby as well as the Chief Minister's office partly collapsed. All electrical fixtures were also smashed.

Beant Singh's life in pictures — page 9
Obit — page 3

Pieces of flesh were even littered on the staircase leading to the first floor.

As the news of the blast spread, hundreds of government employees, preparing to leave their offices, gathered at the spot. The Punjab DGPs, Mr KPS Gill and Mr O.P. Sharma, were among the first to reach the site. Four fire tenders were pressed into service to control the fire, which was soon put out.

The Chandigarh police cordoned off the area.

The bomb appeared to have been triggered by a remote-control device, a method frequently employed by Punjab militants during the decade-and-half of violence in the state.

Twentythree persons were admitted to the General Hospital and the PGI here with critical injuries. Of the eight injured, one was identified as Mr Baldev Singh Pucca Kalan, an MLA from Bathinda district, while the rest were security personnel. The bodies of three Black Cat commandos, part of the inner security ring of the Chief Minister, were also taken to the PGI.

A Black Cat commando, who was in the pilot car and survived the blast, told TNS that the explosion occurred when the Chief Minister was getting into the car. The impact of the blast was so powerful that all the windowpanes in the area were smashed and the door to the VIP lobby was partly knocked down.

The commando and, who survived the blast, stood at the site looking dazed stunned. One of them, his hair singed by the fire, said his hearing had been impaired.

The X-ray scanning machine and the door-frame metal detector installed at the entrance of the gate were badly damaged.

This was the second blast at the civil secretariat. The first blast occurred three years ago in a cycle stand close to the office of the Punjab Chief Minister.

Mr Beant Singh's body will lie in state at his official residence in Sector 2 from tomorrow afternoon. A meeting of the Council of Ministers will be held here tomorrow at 2 p.m., followed by a meeting of the Congress Legislature Party at 3 p.m. at Punjab Vidhan Bhavan.

The time and place of cremation would be announced after holding consultations with members of his family.

Mr Beant Singh is the first Chief Minister of Punjab to die in office. Only two days before his death, speaking to newspersons about the positive reaction to the concessions announced by him at a kisan rally at Patiala, he had said: "In spite of all this, there are people who want to kill me."

He, however, never took the threat

Continued on page 16 col 2

What was left of Chief Minister Beant Singh's car after the bomb blast in the tight security zone of the Punjab and Haryana Secretariat on Thursday. And (right) mutilated bodies and scattered limbs of the killed commandos.

— Tribune photographs by Karam Singh

Brar is interim CM

Tribune News Service

CHANDIGARH, Aug 31 — Mr Harcharan Singh Brar, the senior most minister in Beant's Cabinet, was tonight sworn in as the interim Chief Minister of Punjab.

The brief ceremony took place in a room at Punjab Raj Bhavan shortly after 8.30 p.m. The state Governor, Lieut-Gen BKN Chhibber, administered the oath of office to Mr Brar.

Those who attended the function included Mr A.S. Pooni, Chief Secretary, Mr K.P.S. Gill, state police chief, Mr Vinod Duggal, Adviser to the UT Administrator, Mr Jivtesh Singh Mani, Principal Secretary to the Chief Minister and Mr S.S. Dawra, Information Secretary.

Only two members of Beant's Council of Ministers — Mr Karam Singh Gill and Mr Mohinder Kaypee, attended the ceremony. The other ministers were either out of station or stayed away from the ceremony because of mourning.

The swearing in of Mr Brar was preceded by a formal announcement by the Chief Secretary about the death of Mr Beant Singh.

Mr Brar said all members of Beant's Council of Ministers would be included in his ministry. The oath-taking ceremony would be held after the cremation of Mr Beant Singh's body and the seven-day mourning.

2-day national mourning

NEW DELHI, Aug 31 (PTI) — A state funeral will be accorded to Mr Beant Singh, according to sources in the Union Home Ministry.

State mourning will be observed for two days — on September 1 and 2 — throughout the country and all central government offices will remain closed tomorrow, the sources told PTI today.

The Central Government offices located at the place of the funeral, which is yet to be decided, will remain closed for half a day on the day of the cremation.

The Madhya Pradesh Government has also declared a two-day state mourning from tomorrow. State government offices will not function tomorrow.

CHANDIGARH, TNS — The Punjab and Haryana Governments and the Chandigarh Administration today declared a seven-day state mourning.

The Himtachal Government announced a three-day mourning as a mark of respect to the slain Chief Minister.

Babbars own responsibility

NEW DELHI, Aug 31 (UNI) — Terrorist outfit Babbar Khalsa International late tonight claimed responsibility for the killing of Punjab Chief Minister Beant Singh.

